# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग

**जिला समाहरणालय, हजारीबाग – 825301**

***E-mail deo_hazaribagh@rediffmail.com***


**पत्रांक** 960 /

प्रेषक :– **जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
हजारीबाग।

सेवा में,

**संयुक्त सचिव,**
माध्यमिक शिक्षा, झारखण्ड, राँची।

हजारीबाग,दिनांक 22.05.2025

**विषय :–** **SRIDAS INTERNATIONAL SCHOOL, BARHI, HAZARIBAGH को CBSE नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त करने हेतु अनापति प्रमाण–पत्र के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक भवदीय कार्यालय पत्रांक–1342 दिनांक–25.04.2025 द्वारा SRIDAS INTERNATIONAL SCHOOL, BARHI, HAZARIBAGH को CBSE नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त करने हेतु अनापति प्रमाण–पत्र के प्रस्ताव में विद्यालय के भूमि का नामांतरण तथा अद्यतन लगान रसीद के संबंध में जाँचोपरांत प्रतिवेदन अभिलेख सहित प्राप्त करने के साथ–साथ भवन निर्माण एवं भवन का नक्शा, बिजली की व्यवस्था तथा तड़ित चालक का सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रमाण–पत्र का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश प्राप्त है।

उक्त के आलोक में प्रधानाध्यापक, SRIDAS INTERNATIONAL SCHOOL, BARHI, HAZARIBAGH का पत्रांक–SIS/0779/0805 दिनांक–08.05.2025 के द्वारा संबंधित अभिलेख/प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर भवदीय सेवा में समर्पित किया जा रहा है।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

22.5.25

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
हजारीबाग।

22.5.25